भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 17

सोमवार, 04 दिसंबर, 2023 (13 अग्रहायण,1945 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर एवं बिलासपुर-भोपाल-बिलासपुर विमान सेवा की वर्तमान स्थिति

17. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बिलासपुर-इंदौर-बिलासपुर और बिलासपुर-गोपाल-बिलासपुर विमान सेवा बंद कर दी गई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ग) उक्त मार्ग पर विमान सेवा कब तक पुन: प्रारंभ होगी और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त))

(क) से (ग): उड़ान योजना के 4.0 चरण की बोली के दौरान, बिलासपुर को भोपाल, प्रयागराज और जबलपुर से जोड़ने वाले आरसीएस मार्गों को शामिल करते हुए एटीआर-72 टाईप विमान के साथ एलायंस एयर को एक नेटवर्क अवार्ड किया गया था। एलायंस एयर ने दिनांक 01.03.2021 को बिलासपुर से प्रयागराज और जबलपुर तथा दिनांक 05.06.22 को बिलासपुर से भोपाल के लिए प्रचालन आरंभ कर दिया था। कम यात्री लोड फैक्टर के कारण, एलायंस एअर ने दिनांक 26.09.22 को बिलासपुर से भोपाल के लिए प्रचालन बंद कर दिया था और दिनांक 24.08.23 को 5,88,380/- रुपये की कार्य निष्पादन बैंक गारंटी की राशि को जब्त करने के साथ इस मार्ग को प्रतिबंधित कर दिया गया है। वर्तमान में बिलासपुर से प्रयागराज और जबलपुर के लिए आरसीएस उड़ान प्रचालन चालू है।

उड़ान योजना के मानदंडों के अनुसार, बिलासपुर एक परिचालित हवाईअड्डा है और इसलिए इसे उड़ान 5.0 के तहत बोली लगाने के लिए अपरिचालित हवाईअड्डों की सूची में शामिल नहीं किया गया था। तथापि, कोई भी एयरलाइन, उड़ान योजना के तहत अवार्ड किए गए विशिष्ट मार्गों को छोड़कर, यातायात और व्यावसायिक व्यवहार्यता के अपने आकलन के आधार पर किसी भी मार्ग पर वाणिज्यिक उड़ानों का प्रचालन कर सकती है।

****